हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 21 दिसंबर 2025

04 पनडुब्बी बोट रेत का अवैध उत्खनन प्रतिदिन...



07 नरयावली आगजनी घटना में एसआईटी...





## खबर संक्षेप

### सामूहिक ध्यान आज

**विदिशा।** विश्व ध्यान दिवस पर शहर में विभिन्न स्थानों पर सामूहिक ध्यान किया जाएगा। सहज मार्ग हार्टफुलनेस के मास्टर कमलेश पटेल (दाजी) के मार्गदर्शन में बड़ी संख्या में लोग ध्यान करेंगे। पुलिस विभाग के कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में पंजीयन कराया है। ध्यान शिविर का सीधा प्रसारण कान्हा शांतिवनम हैदराबाद से प्रातः 9.30 बजे होगा। इसी समय पर विदिशा में अहमदपुर रोड स्थित इंद्रप्रस्थ कॉलोनी के पीछे रामचंद्र मिशन आश्रम में नियमित अभ्यासी ध्यान करेंगे।

### कार्यशाला आज होगी

**विदिशा।** विश्व गीताप्रतिष्ठानम् की जिला स्तरीय कार्यशाला रविवार को को इंदिरा कॉम्प्लेक्स स्थित नागेश्वर मंदिर में सुबह 9:30 बजे से शाम 4 बजे आयोजित की जाएगी। कार्यशाला दो सत्रों में होगी, जिसमें दमोह, शिवपुरी, बैरसिया, गंजबासौदा सहित विभिन्न स्थानों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। प्रथम सत्र में प्रार्थना, परिचय, संगठन के सिद्धांत एवं जिज्ञासा समाधान होगा, जबकि द्वितीय सत्र में गीता स्वाध्याय मंडलों के गठन व कार्यकर्ताओं के दायित्व पर चर्चा की जाएगी। केंद्रीय महामंत्री डॉ. विष्णु नारायण तिवारी विशेष मार्गदर्शन देंगे।

### किसानों के लिए कृषिका मोबाइल एप

**विदिशा।** केंद्रीय कृषि मंत्रालय, नई दिल्ली की डायरेक्टर श्वेता सत्या ने कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित बैठक में किसानों के लिए विकसित 'कृषिका' मोबाइल एप की जानकारी दी। इस एप के माध्यम से किसान सीधे मोबाइल से केसीसी ऋण हेतु आवेदन कर सकेंगे। एप एमपी किसान व एग्री स्टार्क से एकीकृत है, जिससे भूमि व व्यक्तिगत जानकारी स्वतः प्राप्त होगी। विदिशा जिले के चयनित गांवों में इसका परीक्षण हो चुका है। यह पहल केसीसी प्रक्रिया को सरल, डिजिटल व पारदर्शी बनाएगी।

### आंगनबाड़ी भवनों की पुताई के लिए राशि जारी

**विदिशा।** आंगनबाड़ी केंद्रों की रंगाई-पुताई एवं रख-रखाव हेतु राशि जारी की गई है। इसके अंतर्गत प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र को 3 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा ने बताया कि जिले के 776 शासकीय आंगनबाड़ी भवनों में यह कार्य कराया जाएगा। यह राशि उन भवनों के लिए है जिनका निर्माण कम से कम तीन वर्ष पूर्व पूर्ण हो चुका है।

### सर्वाधिक ऑपरेशन पर डॉ. साहू सम्मानित

**विदिशा।** जिला चिकित्सालय के नेत्र रोग विभाग द्वारा कोरोना काल



2021-22 में 297 सफल ऑपरेशन करने पर एनएचएम से सम्मान मिला है। वर्ष 2022-23 में 476 निःशुल्क ऑपरेशन पर कलेक्टर ने प्रशस्ति पत्र दिया है। इन प्रयासों से डॉ. राकेश साहू को भोपाल संभाग में द्वितीय सर्वाधिक ऑपरेशन का सम्मान मिला।

---

### सबसे लंबा धरना: 40 दिन से अधिक बीत पार्षदों को नहीं मना पाए नेता

# पार्षदों को साधने कर्मचारियों की शाखाएं बदली पर शुरू नहीं हुआ सड़क निर्माण

***नीमताल चौराहे पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे पार्षदों को मनाने के सभी प्रयास विफल साबित हो गए हैं। पार्षद रुके हुए विकास कार्य शुरू कराने के लिए 40 से भी अधिक दिनों से धरना दे रहे हैं। इसी बीच उन्हे धरने से हटाने के लिए कई प्रकार के प्रयास भी किये गए, लेकिन पार्षद टस से मस नहीं हुए। अंततः पार्षदों की कुछ मांगों को मानते हुए तत्काल काम शुरू कराने की बात कही गई थी, लेकिन वह काम भी शुरू नहीं हो पाए हैं, जिससे पार्षदों का आक्रोश और बढ़ गया है।***

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



विदिशा। सड़क निर्माण कार्य शुरू न होने पर शनिवार को भी धरने पर बैठे रहे अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे पार्षद।

- कर्मचारियों को इधर से उधर करने का आदेश हुआ जारी।

नीमताल चौराहे पर धरना दे रहे भाजपा के पार्षद शनिवार से शहर की मुख्य सड़क पर डामरीकरण का काम शुरू होने के आश्वासन पर धरने को स्थगित करने तैयार हो गए थे, लेकिन शनिवार को सड़क निर्माण शुरू नहीं हुआ। इसलिए पार्षद भी धरने पर डटे रहे। हालांकि पार्षदों की मांग पर कुछ कर्मचारियों की शाखाओं में परिवर्तन कर इधर से उधर कर दिया गया है। हालांकी पार्षद कर्मचारियों वाली मांग को लेकर नरम रुख अपना चुके हैं। पार्षद धर्मेन्द्र सक्सेना का कहना है कि मुख्य मांग विकास कार्यों की है।

सबसे प्रमुख मांग सड़क निर्माण अब आठ दिन बाद शुरू होने की बात पार्षदों से कही गई है। जबकि इससे पहले शुक्रवार और फिर शनिवार से निर्माण कार्य शुरू कराने का आश्वासन पार्षदों को दिया गया था। पार्षदों के विरोध के बाद जिन कर्मचारियों की शाखा परिवर्तित की गई है उनमें प्रदीप राजावत को प्रभारी राजस्व निरीक्षण से हटाकर नवीन पदस्थापना कर वार्ड 1 से 20 तक का कर वसूली प्रभारी बना दिया गया है। वहीं राकेश राजपूत को विद्युत शाखा प्रभारी पद से हटाकर नामांतरण शाखा प्रभारी, विजय राव वाघमारे को अतिक्रमण दल प्रभारी से हटाकर स्टोर शाखा प्रभारी, सुनील मालवीय को स्टोर शाखा प्रभारी दुकान किराया राजस्व से हटाकर विद्युत शाखा प्रभारी बनाया गया है। वहीं महेश राजपूत को स्वास्थ्य शाखा प्रभारी से हटाकर कर वसूली वार्ड प्रभारी 21 से 39 बनाया गया। अनिल जैन नामांतरण प्रभारी सहायक से हटाकर प्रधानमंत्री आवास प्रभारी सहायक बनाया गया है। शिवनारायण कुशवाह विद्युत शाखा प्रभारी सहायक से हटाकर स्टोर शाखा प्रभारी, सुधीर जैन वार्ड प्रभारी वसूली कार्य से हटाकर नामांतरण शाखा सहायक वार्ड 21 से 39 बनाया गया। सहायक ग्रेड- 3 नरेंद्र सिसौदिया को भवन अनुज्ञा से हटाकर अवैध निर्माण अतिक्रमण प्रभारी बनाया गया है। जितेंद्र नामदेव को योजना से हटाकर भवन अनुज्ञा बनाया गया।

---

# करैया रोड से 10 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

### पुलिस को लंबे समय से क्षेत्र में ब्राउन शुगर तस्करी की सूचनाएं मिल रही थीं, आदतन अपराधी है आरोपी




हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सिविल लाइन पुलिस ने विदिशा में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने शनिवार करैया खेड़ा रोड बायपास से 10 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक युवक को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। जब्त ब्राउन शुगर की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 लाख 10 हजार रुपए आंकी गई है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान 27 वर्षीय केशव लोधी के रूप में हुई है, जो करैयाखेड़ा रोड का निवासी है। पुलिस को लंबे समय से इस क्षेत्र में ब्राउन शुगर की तस्करी की सूचनाएं मिल रही थीं। इन सूचनाओं के आधार पर सिविल लाइन पुलिस ने करैया रोड बायपास पर निगरानी बढ़ाई और योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से ब्राउन शुगर बरामद कर मौके पर ही जब्त कर ली गई।

#### आदतन अपराधी है केशव

आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि आरोपी यह ब्राउन शुगर कहां से प्राप्त करता था और किन लोगों को इसकी आपूर्ति करता था। गिरफ्तार आरोपी केशव लोधी एक आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ सिविल लाइन थाने में पहले भी मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने सहित कई मामले दर्ज हैं। पुलिस का मानना है कि पूछताछ के दौरान नेटवर्क से जुड़े महत्वपूर्ण खुलासे हो सकते हैं।

---

### आम वाली कॉलोनी में भागवत कथा के लिए कलश यात्रा आज

**विदिशा।** भगवा रंग युवा संगठन के तत्वावधान में आयोजित भागवत कथा के लिए कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा सुबह 11 बजे से आमवाली कॉलोनी बंटीनगर से शुरू होगी। कथा दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे बजे तक चलेगी। कथा व्यास गोवत्स पंडित अंकित कृष्ण तेनगुरिया बटुक जी द्वारा कथा श्रवण कराई जाएगी। भगवा रंग युवा संगठन ने कलश यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

## राघवजी कॉलोनी फीडर पर मेंटेनेंस के कारण 13 इलाकों में गुल रहेगी बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जोन-1 क्षेत्र में आज रविवार को कई इलाकों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। 11 केवी राघवजी कॉलोनी फीडर पर लाइन शिफ्टिंग और मेंटेनेंस कार्य के कारण सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

बिजली कंपनी के अधिकारियों के अनुसार यह कार्य उपभोक्ताओं को भविष्य में बेहतर, सुरक्षित और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। तकनीकी आवश्यकताओं के अनुसार, बिजली बंद रहने की अवधि कम या अधिक भी हो सकती है। राघवजी कॉलोनी फीडर के अंतर्गत आने वाले प्रभावित इलाकों में राघवजी कॉलोनी, राजपूत कॉलोनी, जतरापुरा, रामलीला चौराह, मोहनगिरी, वेस दरवाजा, वाटर बॉक्स रोड, कृष्णधाम कॉलोनी, राधारानी कॉलोनी, मेहलघाट, मंडी रोड, मां हॉस्पिटल रोड और कब्रिस्तान रोड सहित आसपास के क्षेत्र शामिल हैं।

बिजली कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे बिजली बंद रहने की अवधि को ध्यान में रखते हुए पानी, मोबाइल चार्जिंग और अन्य आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था पहले से कर लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। कंपनी ने इस असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है।

### आत्महत्या रोकथाम के लिए प्रशिक्षण बैच लगा

**विदिशा।** जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में आत्महत्या रोकथाम एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से गेट कीपर प्रशिक्षण कार्यक्रम का तृतीय बैच आयोजित किया गया। मानसिक स्वास्थ्य उप संचालक डॉ. शरद तिवारी ने मन हित एप के माध्यम से उपलब्ध ऑनलाइन परामर्श, उपचार एवं सहायता सेवाओं की जानकारी दी। मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक राजपूत ने आत्महत्या के कारणों, चेतावनी संकेतों तथा संवेदनशील संवाद के महत्व पर मार्गदर्शन दिया।

# दरोई बाबा मंदिर से चांदी का मुकुट, छत्र ले गया बदमाश




हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले के चिड़ोरिया के समीप ग्राम भोंरिया स्थित दरोई बाबा मंदिर में चोरी की घटना सामने आई है।

अज्ञात चोर रात के अंधेरे में मंदिर से चांदी का मुकुट और छत्र चुरा ले गए। चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए बताई जा रही है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि वह शनिवार सुबह पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे, तो गर्भगृह से बाबा का चांदी का मुकुट और छत्र गायब मिला। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रह पुलिस:** पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ-साथ संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। फिलहाल अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों में जिले के अलग-अलग इलाकों में मंदिरों से चांदी के आभूषण और दानपेटी चोरी होने की कई वारदातें सामने आ चुकी हैं। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और मंदिरों की सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था करने की मांग की।

---

## मनरेगा योजना के नाम परिवर्तन के विरोध में कांग्रेस का धरना आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

- धरने में शामिल होंगे कांग्रेस के कार्यकर्ता और श्रमिक।

जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना के नाम में किए गए परिवर्तन के विरोध में आज रविवार को दोपहर 1 बजे गांधी प्रतिमा नीमताल चौराह पर धरना दिया जाएगा।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने जिले के समस्त कांग्रेसजनों, जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं मनरेगा से जुड़े श्रमिक साथियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को अनुशासन, एकजुटता एवं शांतिपूर्ण ढंग से सफल बनाने की अपील की है। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अरुण अवस्थी ने बताया कि कांग्रेस पार्टी मनरेगा योजना के नाम में परिवर्तन का कड़ा विरोध करती है।

उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना ने देश के गरीब एवं मजदूर वर्ग को रोजगार और आर्थिक संबल प्रदान किया है। योजना के नाम में बदलाव करना श्रमिकों के अधिकारों पर सीधा प्रहार है, जिसे कांग्रेस किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेगी।

## भाजपा सरकार हर वर्ग के लिए काम कर रही

### मप्र सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मप्र सरकार के 2 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में भाजपा कार्यालय में विदिशा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला प्रभारी एवं सीहोर के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मालवीय उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक मुकेश टंडन ने की। बैठक में सभी मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ता मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि सीएम मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग और हर क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है।



#### अंतिम व्यक्ति के उत्थान को लक्ष्य बनाकर कर रहे काम

भाजपा जिला प्रभारी एवं सीहोर के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मालवीय ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विचार को केंद्र में रखकर कार्य किया। उसी मार्ग पर चलते हुए मोहन यादव सरकार अंतिम व्यक्ति के उत्थान को लक्ष्य बनाकर योजनाएं लागू कर रही है। विधायक मुकेश टंडन ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान सरकार सामाजिक उत्थान के साथ-साथ मूलभूत अधोसंरचना के विकास पर भी विशेष ध्यान दे रही है। प्रदेश का कोई भी क्षेत्र विकास से अछूता नहीं है।

---

### ऑडिटोरियम में जिला सनाढ्य ब्राह्मण परिषद का वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन हुआ

# समाज के वरिष्ठजनों का किया सम्मान, समाज को एकता के सूत्र में बांधने जिले की पदयात्रा करेंगे अध्यक्ष दीपक तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



जिला सनाढ्य ब्राह्मण परिषद ने शनिवार को रविंद्रनाथ टैगोर संस्कृतिक भवन में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम में भोपाल हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा, पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, पूर्व विधायक शशांक भार्गव आदि मौजूद थे। स्नेह सम्मेलन का शुभारंभ समाज के वरिष्ठजनों के सम्मान से हुआ। परिषद के अध्यक्ष पं. दीपक तिवारी ने समाज को एकता के सूत्र में बांधने के उद्देश्य से पूरे जिले में पदयात्रा करने की घोषणा की। पं. प्रतापभानु शर्मा ने समाज के सभी सदस्यों से संगठित होकर कार्य करने और सार्वजनिक जीवन में सक्रिय विप्र बंधुओं का समर्थन करने का आह्वान किया। वहीं, पं. चंद्रशेखर शर्मा ने विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए परिचय सम्मेलन आयोजित करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में पं. अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने ब्राह्मण समाज के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि पं. अंकित कृष्ण बटुक ने सनाढ्य ब्राह्मण समाज के इतिहास पर भावपूर्ण प्रस्तुति दी। इसके साथ ही कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम का संचालन महिला मंडल अध्यक्ष कंचन शर्मा ने किया और आभार प्रदर्शन सचिव अभिनव तिवारी गट्टू ने किया। परिषद, महिला मंडल और युवा इकाई की पूरी टीम कार्यक्रम में उपस्थित रही। इस प्रकार यह स्नेह सम्मेलन समाज के मेलजोल और एकता को बढ़ावा देने में सफल रहा।

### भागवत कथा के लिए निकली कलश यात्रा

**करारिया।** करारिया में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ पर शनिवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा रामजानकी मंदिर से गाजे-बाजे के साथ प्रारंभ होकर करारिया चौराह, सतधारा नदी एवं गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए यज्ञ स्थल पर संपन्न हुई। यात्रा में पीले वस्त्र धारण किए महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर श्रद्धा और भक्ति के साथ सहभागिता की। ग्राम सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। बच्चों, महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी ने यात्रा को भव्य स्वरूप प्रदान किया। छोटे-छोटे बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कलश यात्रा के पश्चात पंडित बद्री प्रसाद शास्त्री द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का विधिवत वाचन प्रारंभ किया गया। कथा का समापन 26 दिसंबर गुरुवार को पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण के साथ होगा।




**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

**सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-5115
सरसों
न्यूनतम भाव-5400
उच्चतम भाव-7200
चना
न्यूनतम भाव- 4200
उच्चतम भाव- 5265
मसूर
न्यूनतम भाव-4260
उच्चतम भाव-5880
ज्वार
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-5720
मक्का
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव- 1695
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-3082
धान
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-3392
गेंहू
न्यूनतम भाव-2280
उच्चतम भाव-3600
उड़द
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-5810
अलसी
न्यूनतम भाव-6740
उच्चतम भाव-6740
धनिया
न्यूनतम भाव-8500
उच्चतम भाव-8500
मटर
न्यूनतम भाव-2270
उच्चतम भाव-2270

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में शनिवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 17959 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### एक जनवरी को होगा प्रतिमा का अनावरण

**गंजबासौदा।** शनिवार को समाज बंधुओं द्वारा प्रशासन को एक आवेदन सौंपा गया। जिसमें आगामी 1 जनवरी को डॉ. भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा के अनावरण की सूचना दी गई। आवेदन में कहा गया है कि अहिरवार समाज के व्यय से डा. भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा व रोटरी निर्माण कार्य कराया गया है। अब आगामी 1 जनवरी 2026 को मूर्ति का अनावरण किया जाना है।

### खनिज विभाग और स्थानीय प्रशासन की अनदेखी से चल रहा कारोबार

# पनडुब्बी बोट रेत का अवैध उत्खनन प्रतिदिन लाखों के राजस्व की हानि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा


गंजबासौदा। नदी में रेत उत्खनन के लिए लगी पनडुब्बी बोट


गंजबासौदा। नदी के मध्य से घाट तक पाइप के माध्यम से पहुंचती है रेत

बेतवा नदी के मडिया पोनिया घाट पर इन दिनों पनडुब्बी मशीन की मदद से खुलेआम रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। खनिज विभाग और स्थानीय प्रशासन की अनदेखी के चलते यह अवैध उत्खनन दिन रात जोरों से चल रहा है। जिससे एक तो नियमों का उल्लंघन हो रहा है और वहीं दूसरी ओर शासन को राजस्व का भारी नुकसान उठाना पड रहा है।

यहां उल्लेखनीय है कि विदिशा जिले में रेत उत्खनन का पूरा ठेका लगभग 6 करोड रुपए के आसपास लिया गया है जिसमें ठेकेदार को खनिज विभाग एवं एनजीटी की गाइडलाइन अनुसार बिना मशीन या बिना पनडुब्बी बोट की मदद से नदी के चिन्हित घाटों से रेत का खनन करना है, लेकिन ठेकेदार द्वारा बेतवा नदी में पनडुब्बी या मशीन लगवा कर रेत का खनन किया जा रहा है। नगर में बासौदा सिरोंज स्थित बेतवा नदी के पुल से नदी में मडिया पोनिया घाट पर चलती हुई पनडुब्बी बोट को स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। सूत्रों की माने तो जिस स्थान पर यह है घाट चलाया जा रहा है वह खनिज विभाग द्वारा अधिकृत नहीं है, इसके साथ ही रेत का ठेका लेने वाली कंपनी को नवंबर माह से रेत निकालने की प्रक्रिया प्रारंभ करनी थी, लेकिन ठेकेदार कंपनी ने नदी के चिन्हित घाटों से मजदूरों की मदद से रेत न निकलवाकर पनडुब्बी बोटों से रेत निकलवाना शुरू कर दिया है। इन मशीनों की मदद से दिन रात काम चलता रहता है और प्रतिदिन करीब सौ से अधिक ट्रॉली रेत अवैधानिक रूप से निकाली जा रही है। इस लिहाज से अवैध रेत उत्खनन से खनिज विभाग और शासन को प्रतिदिन लाखों रूपए के राजस्व का नुकसान उठाना पड रहा है। यह अवैध उत्खनन का पूरा खेल खनिज विभाग और स्थानीय प्रशासन की अनदेखी से चल रहा है। ऐसे में नियमों का उल्लंघन एवं राजस्व हानि दोनों सरकार को उठानी पड रही हैं।

इस संबंध में जिला खनिज अधिकारी प्रशांत तिवारी का कहना था कि आपके द्वारा पनडुब्बी बोट से रेत उत्खनन की जानकारी मिली है, अब इस मामले में शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

# अचानक बिजली कटौती की जानकारी मिलने से गुस्साए व्यापारी पहुंचे विद्युत कार्यालय


गंजबासौदा। विद्युत कंपनी कार्यालय पहुंचे प्लांट संचालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कंजना पठार स्थित औद्योगिक क्षेत्र में बिजली कटौती होने से प्लांट संचालक परेशान हैं,बिजली विभाग द्वारा अपनी मनमर्जी के हिसाब से वहां कार्य किया जाता है जिससे वहां संचालित होने वाले उद्योग प्रभावित होते हैं और व्यापारियों को आर्थिक नुकसान भी होता है। शनिवार को भी औद्योगिक क्षेत्र में मेंटेनेंस के लिए बिजली कटौती का शेड्यूल अचानक डाला गया इसके बाद वहां के व्यापारियों में बिजली विभाग की इस कार्य प्रणाली को लेकर रोष व्याप्त हो गया और सभी प्लांट संचालक एकत्रित होकर विद्युत कंपनी कार्यालय पहुंचे और अपनी नाराजगी जाहिर की। जिसके बाद कंपनी के डीई करण सिंह दोहरे ने शनिवार को विद्युत कटौती का शेड्यूल स्थगित कर दिया।

कंपनी कार्यालय पहुंचे उद्योग मंडल अध्यक्ष जयेश शाह ने बताया कि शनिवार को जब उन्होंने मोबाइल पर मैसेज देखा तो उसमें बिजली मेंटेनेंस के लिए कटौती का शेड्यूल बताया गया था। उनका कहना है कि यदि विभाग को यहां पर कोई भी कार्य करना है तो जो व्यापारी वहां प्लाट संचालित कर रहे हैं उन्हें एक दिन पहले सूचना दी जाए। जिससे प्लांट संचालकों को उस दिन मजदूरी का नुकसान नहीं होगा। हर बार इसी प्रकार की स्थिति निर्मित होती है, जिससे अब व्यापारी परेशान हो चुके हैं। कई प्लांट पर 10 से 20 कर्मचारी कार्य करते हैं ऐसे में बिजली न होने के कारण वह कार्य नहीं कर पाएंगे और शाम को उन्हें बिना कार्य करने की ही मजदूरी देना पडेगी। इसी तरह की समस्याएं अन्य प्लांट संचालकों ने भी बताईं।

यहां उल्लेखनीय है कि कंजना पठार स्थित औद्योगिक क्षेत्र में उद्योग विभाग के लगभग 50 से 60 प्लांट चालू हैं जो कि विद्युत मंडल को लगभग 60 से 70 लख रुपए बिल का भुगतान करते हैं। इसके बावजूद विद्युत कंपनी प्रबंधन अपनी मनमानी करता है। बिना पूर्व सूचना के ही विद्युत प्रदाय बंद कर देते हैं और किसी के यहां फाल्ट हो जाता है तो उसे ठीक करने में तीन से चार घंटे से लेकर एक दो दिन तक का समय लग जाता है। साथ ही औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था के लिए या आपात स्थिति में कार्य के लिए विद्युत कंपनी का कोई अधिकृत कर्मचारी भी नहीं है। जिससे उद्योग संचालन में काफी परेशानी उठानी पड रही है। शनिवार को विद्युत कटौती की जानकारी मिलते ही औद्योगिक क्षेत्र से प्लांट संचालक माधव सुहाने, प्रतीक जैन, जिगर शाह, सरल समैया, रोहित सोमानी, सौरव महेश्वरी ने पहुंच कर विद्युत कंपनी के अधिकारियों से बात की और कलेक्टर को भी इस संबंध में अवगत कराया गया।

जिसके बाद इसके बाद विद्युत कंपनी के डीई करण सिंह दोहरे ने प्लांट संचालकों की परेशानी को देखते हुए शनिवार को मेंटेनेंस कार्य एवं विद्युत कटौती को रुकवा दिया। अब यह कार्य आगामी दिन में संपन्न होगा। जिसकी जानकारी एक दिन पहले प्लांट संचालकों को दे दी जाएगी।

# रक्त सेवा समिति की बैठक आयोजित


गंजबासौदा। रक्त सेवा समिति की बैठक में उपस्थित समिति सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रक्त सेवा समिति मध्य प्रदेश गंजबासौदा का रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में सभी स्थाई सदस्यों का परिवार मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस हेतु रक्त सेवा समिति कार्यालय में शनिवार को एक बैठक आयोजित की गई।

जिसमें समिति के कार्यक्रम की योजना बनाई गई। इस बैठक में कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित हुए। जिसमें तय किया गया कि 25 दिसंबर को दोपहर 12:30 बजे से वेदांत आश्रम में परिवार मिलन कार्यक्रम आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में रजत जयंती वर्ष के विशेष अंक पत्रिका का विमोचन होगा और 75 वर्ष की आयु पूरी किए हुए वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का विशेष सम्मान किया जाएगा। साथ ही आए हुए अतिथियों का मार्गदर्शन, उद्बोधन प्राप्त होगा। महिला शाखा के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। तत्पश्चात सभी आमंत्रित जनों का सह भोज होगा। जिसमें सभी स्थाई सदस्यों को, सभी विद्यालय के प्राचार्य, पत्रकारों को आमंत्रित किया है।

# नवांकुर विद्यापीठ की पूर्व छात्रा प्रज्ञा सक्सेना गणतंत्र समारोह परेड के लिए चयनित



गंजबासौदा। प्रज्ञा सक्सेना का नवांकुर विद्यापीठ परिवार ने बधाई दी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नवांकुर की पूर्व छात्रा प्रज्ञा सक्सैना का चयन आरडीसी कैंप (गणतंत्र दिवस समारोह) के लिए किया गया है। प्रज्ञा ने हायर सेकेंडरी परीक्षा नवांकुर विद्यापीठ से उत्तीर्ण की है। नवांकुर विद्यापीठ में प्रज्ञा राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका थी, उसने कई गतिविधियों में भाग लिया था। कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक मिश्रा के अनुसार प्रज्ञा ने भोपाल के एक्सीलेंस कॉलेज में अध्ययन करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना यात्रा जारी रखी तथा परेड के लिए अभ्यास शुरू किया। इसके लिए कॉलेज स्तर पर उसके ऑडिशन हुए। पहले उसका जिला स्तरीय परेड के लिए चयन किया गया, फिर उसे विश्वविद्यालय स्तर के लिए चुना गया। जहां प्रदेश के सभी जिलों से राष्ट्रीय सेवा योजना के चयनित स्वयं सेवक परेड के लिए आते हैं।

उन 114 छात्रों में से 8 छात्रों का चयन प्री आरडीसी कैंप के लिए किया गया। जिसके बाद छह राज्यों के 200 प्रतिभागियों में से आठ छात्रों का चयन गणतंत्र दिवस समारोह के लिए किया गया। जिसमें प्रज्ञा सक्सेना भी शामिल है। इस कैंप का आयोजन 31 दिसंबर से 31 जनवरी तक दिल्ली में किया जावेगा। इस अवसर पर नवांकुर विद्यालय परिवार ने प्रज्ञा को बधाइयां देकर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# पशु प्रेमियों से बढ़ रही अव्यवस्था नागरिक व वाहन चालक परेशान


गंजबासौदा। मुख्य मार्ग पर रखे गए भूसे को खाते नंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर में इन दिनों लावारिस मवेशी वैसे ही यातायात में समस्या बने हुए हैं। अब इन मवेशियों की कथित चिंता करने वाले पशु प्रेमी और दान दाता भी मवेशियों की समस्या बढाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। ये कथित दानवीर लावारिस मवेशियों की भूख प्यास की चिंता करते हुए उनके लिए मुख्य मार्ग पर ही भूसा एवं चारा रखवा देते हैं। जिससे इस भूसे और चारे को खाने के लिए मवेशी मुख्य मार्ग पर ही डेरा जमा लेते हैं और आए दिन आपस में चारे भूसे के लिए लडते भी रहते हैं। जिससे मार्ग से निकलने वाले वाहन चालक एवं राहगीर इन मवेशियों की चपेट में आकर दुर्घटनाग्रस्त और घायल भी हो जाते हैं। कुछ ऐसा ही नजारा सुबह के समय भी देखने को मिलता है, जब दानदाता फुटपाथ पर बैठे चारा बेंचने वालों से चारा खरीदकर मुख्य मार्ग पर ही डालकर मवेशियों को खिलाते हैं। कई बार नपा प्रशासन और जागरूक नागरिकों ने ऐसे दानदाताओं और पशु प्रेमियों से अपील की है कि मुख्य मार्ग पर चारा भूसा न डालें, लेकिन इस अपील का कोई असर नहीं दिख रहा है।


# आरपीएफ ने पटरी के पास घूमने वालों को दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




रेलवे स्टेशन और रेलवे की पटरियों एवं अंडरपास के आसपास की क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर शनिवार को आरपीएफ जवानों ने सघन गश्त की। आरपीएफ चौकी प्रभारी राहुल यादव के नेतृत्व में की गई इस गश्त में आरपीएफ जवानों ने न सिर्फ रेलवे स्टेशन परिसर में बिना काम के या संदिग्ध रूप से घूम रहे लोगों से पूछताछ की, बल्कि रेल पटरी के किनारे गश्त करते हुए हरदूखेडी अंडरपास, परसौरा अंडरपास के आसपास पटरी किनारे घूमने वाले लोगों को भी देखा और उनके नाम पते दर्ज करते हुए उन्हें रेलवे की पटरियों से दूर रहने, रेल संचालन में बाधा उत्पन्न न करने, रेलवे की संपत्ति को नुकसान न पहुंचाने की समझाइश दी। साथ ही आम नागरिकों से भी अपील की कि रेलवे सीमा क्षेत्र में आसामाजिक तत्वों के जमावडे या किसी भी तरह की असामाजिक गतिविधि नजर आने पर तुरंत आरपीएफ जवानों, रेलवे पुलिस या स्थानीय पुलिस को सूचना दें। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों से रेलवे स्टेशन के माल गोदाम, प्लेटफार्म क्रमांक 4 पर असामाजिक तत्वों की गतिविधियां बढ गई हैं। रात में इन स्थानों पर असामाजिक तत्व शराब एवं अन्य नशाखोरी करते रहते हैं। जिससे आम यात्रियों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड रहा है। वहीं हरदूखेडी अंडरपास के पास स्थित शराब दुकान के आसपास बडी संख्या में शराबियों का जमावडा लगा रहता है। कई बार ये शराबी शराब लेकर अंडरपास के निकट स्थित रेल पटरी के किनारे ही बैठ जाते हैं। वहीं परसोरा अंडरपास के आसपास भी असामाजिक तत्व हुडदंग मचाते रहते हैं। इनके कारण कभी भी कोई बडा हादसा हो सकता है। इसलिए आरपीएफ ने आज यह गश्त कर समझाइश दी।

## तेज सर्दी है लेकिन काम भी जरूरी ......


**गंजबासौदा।** इलाके में दिसंबर की ठंड अच्छी पड़ने लगी है उधर लोग रजाई, कंबल से निकलने नहीं चाहते वहीं रोज खाने ओर कमाने वाले मजदूर दुकानदार अल सुबह अपने अपने कामों पर निकल जाते है।

### शहादत दिवस पर ग्राम सेमरी की शासकीय शाला में कार्यक्रम आयोजित

# सामाजिक समरसता, प्रेम, राष्ट्रीय एकता ही मजबूत राष्ट्र की बुनियाद



गंजबासौदा। सेमरी में शहीदों की याद में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भारत माता की आजादी के लिऐ अपनी जान की बाजी लगाने वाले माँ भारती के वीर सपूत, अमर शहीद पं. राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां व ठाकुर रोशन सिंह के शहादत दिवस पर भारत रत्न डा एपीजे अब्दुल कलाम सभाकक्ष सेमरी में शहीदों की याद में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य वक्ता प्रखर राष्ट्रवादी विचारक चिंतक योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने कहा सामाजिक समरसता, आपस मे प्रेम और राष्ट्रीय एकता ही मजबूत राष्ट्र की असली बुनियाद है। वास्तविक राष्ट्रीय प्रगति का समावेशन से गहरा संबंध है। उन्होंने कहा कि वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब समाज का हर वर्ग स्वयं को शामिल, सम्मानित और सशक्त महसूस करे।

सामाजिक समरसता और आपसी विश्वास सतत राष्ट्रीय विकास के अपरिहार्य प्रेरक तत्व हैं। देश की आजादी के लिऐ भारतमाता के सपूत हिंदू-मुस्लिम, सिख -ईसाई सभी ने मिलकर देश आजाद कराया अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम आपस की लडाई झगडे दंगा फसाद बंद करे और नव राष्ट्र का निर्माण करे सभी मिलकर देश संवारे। साक्षरता सह समन्वयक महेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया आज ही के दिन 19 दिसंबर 1927 को काकोरी कांड को अंजाम देने वाले देश के तीन वीर सपूतों को अंग्रेजी हुकूमत ने फांसी के फंदे पर चढ़ा दिया था। आज ही के दिन ये तीनों देश की आजादी को समर्पित हो गए थे। रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्लाह खान और ठाकुर रौशन सिंह को लखनऊ के पास काकोरी में ट्रेन लूटने के आरोप में अंग्रजों ने फांसी की सजा दे दी थी। पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष चतर सिंह व समाजसेवी फेरन सिंह लोधी ने बताया कि काकोरी कांड स्वतंत्रता संग्राम की एक स्वर्णिम घटनाओं में से एक है। ऋषिराज लोधी, चाँदनी पंथी ने पूरी घटना बताई कि 9 अगस्त 1925 को रामप्रसाद बिस्मिल सहित करीब 10 क्रान्तिकारियों ने ट्रेन लूटने की योजना बनाई थी। काकोरी रेलवे स्टेशन से जैसे ही ट्रेन थोड़ा आगे बढ़ी, बिस्मिल ने चेन खींच कर ट्रेन रोक दी। इसमें रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्लाह खान, ठाकुर रौशन सिंह और चन्द्र शेखर आजाद भी शामिल थे, जिन्होंने ट्रेन के इंजन और उसके ड्राइवर को कब्जे में कर रखा था। क्रांतिकारियों ने ट्रेन से 8000 रूपए की चोरी की थी।

इस घटना के बाद इससे सम्बंधित क्रांतिकारियों को पकडने के लिए अंग्रेजों ने 50 लोगों को गिरफ्तार किया। डेढ़ साल मुकदमा चलने के बाद अशफाक उल्लाह खान, राम प्रसाद बिस्मिल और राजेंद्र नाथ लिहाड़ी को फांसी की सजा दे दी गई। इस अवसर पर पालक शिक्षक संघ उपाध्यक्ष रश्मि पंथी ,ललिता देवी, लक्ष्मी देवी , सोना बाई, भगवती देवी , राधिका देवी ,रजनी देवी, मालती पंथी ,ऊषा सेन सहित अनेक लोगों ने अपने विचार व्यक्त किऐ ।

# किसानों को नहीं मिली भावांतर की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



गंजबासौदा। कृषि उपज मंडी समिति

सोयाबीन बेचने के एक महीने बाद भी किसानों को भावांतर योजना की राशि नहीं मिली। इससे किसानों में गुस्सा है। मंडियों में फसल बिक चुकी है, लेकिन अधिकतर किसानों के खातों में अब तक एक रुपया भी नहीं आया। किसानों ने समय पर पंजीयन कराया। मंडी में उपज बेची। सभी जरूरी दस्तावेज जमा किए। इसके बावजूद भुगतान नहीं हुआ।

किसानों का कहना है कि रबी सीजन की बोनी नजदीक है। खाद और बीज के लिए पैसों की जरूरत है। भावांतर की राशि न मिलने से वे कर्ज लेने को मजबूर हैं। कई किसान निजी साहूकारों से ब्याज पर पैसा ले रहे हैं। ग्रामीण किसानों ने बताया कि सोयाबीन के दाम पहले ही उम्मीद से कम मिले थे। भावांतर से राहत की उम्मीद थी, लेकिन अब वह भी टूटती दिख रही है। खातों में अब तक पैसा नहीं आया किसानों ने बताया कि उपज बेचने के बाद एक महीना बीत गया। बैंक खातों में अब तक पैसा नहीं आया। अधिकारियों से पूछने पर सिर्फ इतना कहा जाता है कि प्रक्रिया जारी है। किसानों का आरोप है कि भावांतर योजना सिर्फ कागजों तक सीमित रह गई है। भुगतान में देरी से वे न तो अगली फसल की तैयारी कर पा रहे हैं, न ही पुराने कर्ज चुका पा रहे हैं। विभागीय अधिकारी भी भुगतान की कोई तय तारीख नहीं बता पा रहे हैं। किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द राशि नहीं मिली तो वे आंदोलन करेंगे।

इस संबंध में मंडी सचिव सोहन लाल का कहना है कि भावांतर योजना में मंडी स्तर पर सभी कार्रवाई की जा चुकी है, अब राशि शासन स्तर से ही जारी होना है।

### आईजा ने दी आंदोलन की चेतावनी, प्रधानमंत्री व गृहमंत्री को लिखा पत्र


# मुनिश्री पर सोशल मीडिया पर की टिप्पणी से जैन समाज में आक्रोश

## अशोकनगर पुलिस ने टिप्पणी करने वाले आरोपी पर किया प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

राष्ट्रीय संत मुनिश्री सुधासागर महाराज के ऊपर सोशल मीडिया पर की जा रही आपत्ति जनक टिप्पणियों को लेकर पूरे देश में जैन समाजजनों में आक्रोश देखा जा रहा है। लेकिन इसी बीच अशोकनगर पुलिस ने उक्त व्यक्ति के विरूद्ध अशोकनगर सिटी कोतवाली में भारतीय न्याय संहिता (बीएन) 2023 की गंभीर धाराएं 299,352 और 353 (2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया। वहीं इस मामले को लेकर मुनिश्री सुधा सागर महाराज के भक्तों द्वारा पूरे देश में तरह तरह के आंदोलन की चेतावनिया दी जा रही थी। अब स्थिति यह है कि यदि आगे कही और टिप्पणिया होती है तो कोई लंबा विवाद हो सकता है। इसको लेकर ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस तरह की टिप्पणी आगे सोशल मीडिया पर की गई तो इसका कडा जवाब दिया जाएगा।

सोशल मीडिया पर अशोभनिए टिप्पणी की जानकारी पूरे देश में चिंगारियों की तरह फैली तो वैसे ही देश के प्रत्येक राज्यो में बैठके आयोजित कर राष्ट्रीय संत के ऊपर की गई टिप्पणी के विरोध में आईजा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, ग्रहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर कहा कि राष्ट्रीय संतों पर की जा रही टिप्पणी को लेकर एक कानून बनाया जाए। ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एंव जन कल्याण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया ने मुनिश्री सुधा सागर महाराज जैन समाज के ही संत नही है बल्कि वह पूरे देश के संत है। जितनी उन्होने धार्मिक गति जैन समाज को दी है उससे ज्यादा अजैनो में ऐतेहासिक धार्मिक क्षेत्रो में नागरिकों को प्रेरित कर लाखो परिवार एंव हजारों तीर्थ क्षेत्रो को एक काफी अच्छा मुकाम दिया है। यदि इस देश में ऐसे राष्ट्रीय संतो का अपमान हुआ तो हम बिल्कुल भी सहन नही करेगें और इसका जबाव भी हमें देना आता है।



ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एड राजीव जैन सैनानी ने कहा कि मुनिश्री सुधा सागर महाराज का जैसे ही मध्यप्रदेश में आगमन हुआ। तो वैसे ही कुछ पाखण्डी व समाज विरोधी सहित जिन लोगो ने समाज व धर्म के नाम पर झूठी बापवाई लौटी ऐसे लोगों को अपना अस्तिव बचाने के लिए छुटपुट घटनाएं व सोशल मीडिया के माध्यम से वातावरण को गंदा करते है। ऐसे लोगों को चिंता सताने लगी थी कि मुनि श्री सुधा सागर महाराज के आने से हम लोगो का आखिर क्या होगा। इस मामले को लेकर जैन समाज व अजैन भक्तो में जो आक्रोश आया है। उसे देखकर ऐसा लग रहा है कि यदि पुनः किसी प्रकार की कोई टिप्पणी की जाती है तो वह ठीक नही होगी। आईजा भोपाल संभाग अध्यक्ष सौरभ जैन गुलाबगंज ने कहा कि मुनिश्री सुधा सागर महाराज वह संत है जितने उनके गुणगान गाय जाए उतने कम है। साथ ही भारत देश में मुनिश्री को जितनी उपाधियो से विभूसित किया गया है। उतनी उपाधियो से तो आज तक देशभर में किसी भी संत को नही मिली है। उन्हे निर्यापक श्रमण,पितृतुल्य जगत्पूज्य मुनि पुंगव 108 श्री सुधासागर जी महाराज प्राचीन तीर्थ जीर्णोद्धारक, वास्तुविद, पुरातत्त्व - सरंक्षी, नव तीर्थ - प्रणेता, साक्षात तीर्थ-स्वरूप, ज्ञान रथ के सारथी, विद्या गौ के सुदोग्धा, श्रमण संस्कृति - सूर्य, मिथ्यात्व भञ्जक, शान्ति-धारातिशय निदर्शक, श्रावक संस्कार शिविर जनक, जिज्ञासा समाधान-प्रतिपादक, विद्धत्कल्पतरु, विद्यार्थि-पितृकल्प, आगम के यथार्थ उपदेष्टा, वर्तमान काल के समनतभद्र, समयसार -शिक्षक, भक्त-वत्सल, महोपकारी, महान्तपोमार्तण्ड, रिद्धि - सिद्धि भक्तामर मंत्रो के निदर्शक, ज्ञानध्यान तपोरक्त, प्रखर चिन्तक, तर्क-वाचस्पति,विपथ- गामि-चक्षुरुन्मीलक, वाग्भी, मनोज्ञ, ऋषिराज,श्रमण शिरोमणि ऐसे संतो पर सोशल मीडिया पर अपत्ति जनक टिप्प्णा करना गलत है। कही ऐसा न हो कि उक्त आक्रोश के परिणाम गलत हो जाए। इसलिए में सभी से निवेदन करता हूं कि सोशल मीडिया पर राष्ट्रीय संत के बारे में किसी प्रकार की कोई भी टिप्पणी न लिखें। वही आईजा के संरक्षक डॉ राजीव जैन बंटी ने कहा कि मुनिश्री सुधा सागर महाराज के ऊपर सोशल मीडिया पर जो गलत टिप्पणी की गई है वह धार्मिक,सामाजिक,उन्माद फैलाने का गंभीर मामला है।

सोशल मीडिया पर जानबूझकर बार-बार झूठे लेख लिखे गए, जिनमें जैन मुनि के खिलाफ अभद्र, अपमानजनक और भड़काऊ टिप्पणियां की गईं। यह सब किसी एक बार की गलती नहीं, बल्कि लंबे समय से चली आ रही एक सोची-समझी गतिविधि थी, जिसका मकसद साफ तौर पर धार्मिक भावनाओं को आहत करना और समाज में तनाव पैदा करना था। हाल ही में फेसबुक पर की गई पोस्टों को पुलिस ने गंभीर मानते हुए गंभीर आपराधिक धाराओं के तहत कार्रवाई की है। साथ ही चेतावनी दी है कि जो भी व्यक्ति सोशल मीडिया या किसी भी माध्यम से धार्मिक भावनाओं को भड़काने, शांति भंग करने, सामाजिक उन्माद फैलाने का प्रयास करेगा उसे बख्शा नहीं जाएगा।

# नरयावली आगजनी घटना में एसआईटी जांच दल का गठन कर जांच की मांग

### चिड़ार समाज ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा



**सिरोंज।** सागर जिले के ग्राम चंदामऊ में हुई आगजनी की घटना में न्याय की मांग व एसआईटी गठन एंव पीडित परिवारों को सहायता प्रदान करने की मांग को लेकर चिड़ार समाज मंदिर निर्माण समिति देवपुर धाम द्वारा मुख्यमंत्री के अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर समाजजनों ने उल्लेख किया कि नरयावली में की गई आगजनी की अत्यंत दुखद घटना जो की एक वर्ग विशेष के युवक फईम खान ने पीड़िता साक्षी चिड़ार के घर में आग लगावार पूरे परिवार को जिंदा जलाने की कोशिश की है।

पूर्व से ही फईस खान उर्फ छोटू खान पीडित परिवार बेटी साक्षी विडार की छोटी बहन को परेशान करता था और प्रेमजाल में फंसा रखा था व जान से मारने की धमकी देता था। 4 व 5 दिसंबर 2025 की रात को पीड़िता के पिता गणेश चिक्षार खेत पर थे जबकि मां और छोटी बहन एक शादी से सागर गई थी। वहीं साक्षी चिढ़ार, कार्तिक चिहार और अनुज चिढ़ार सो रहे थे तभी आरोपी फईम खान द्वारा पीडित के घर में आग लगा दी गई। जिसमें साक्षी सहित उसके दोनों भाई गंभीर रूप से झुलस गए, कार्तिक चिढ़ार व नाबालिग अनुज चिढ़ार की इलाज के दौरान मौत हो गई है। हाल ही में बयान में साक्षी चिढ़ार ने कहा कि आरोपी फईम खान ने ही आग लगाई है एवं यह बयान मैंने घटना के तुरंत बाद भी पुलिस को दिए थे परंतु घटना संबंधित थाने के पुलिसकर्मियों द्वारा 10 दिन से गुमराह किया जा रहा है। साथ ही साक्षी के हालत ठीक होते ही बयान होंगे और आरोपी पर कड़ी कार्रवाई करेंगे। इस तरह पुलिस आरोपी का बचाव करते हुए साक्षी की मौत का इंतजार करती रही। मुख्य आरोपी के खिलाफ कोई कड़ी कार्रवाई पुलिस द्वारा नहीं की गई है। इस मौके पर समाजजनो ने मांग करते हुए कहा कि घटना की निष्पक्ष जांच हेतु एसआईटी विशेष जांच दल का गठन किया जाए। साथ ही इस गंभीर घटना के 10 दिन बीत जाने के बाद भी एफआईआर नही करने वाले पुलिस कर्मियो पर सख्त कार्यवाही की जाए। वही पीड़ति परिवार की हुई जानमाल की भारी क्षति को देखते हुए 50 लाख रूपये का मुआवजा दिया जाए। इस मौके पर चिढ़ार क्षत्रिय समाज के संरक्षक सुनील वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष कमल सिंह चिढार, सचिव जुगल किशोर, चिढ़ार कोषाध्यक्ष देवी लाल चिढ़ार, उपाध्यक्ष सूरज सिंह चिढ़ार, निरंजन चिढार, भैया लाल चिढार, नर्मदा प्रसाद, सरपंच नीलम सिंह, रामाश्रय पूर्व जनपद सदस्य एवं समस्त समाज जनों मौजूद रहे।

### तनाव मुक्ति व ध्यान केंद्र शिविर का आयोजन आज

**सिरोंज।** मध्यप्रदेश पुलिस एवं हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आज पुलिस थाना परिसर में सुबह 9 बजे तनाव मुक्ति एवं ध्यान केंद्र शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर शिविर में शासकीय अधिकारी-कर्मचारी सहित बडी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहेंगे।

### कॉलेज चलो अभियान : विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अवसर और छात्रवृत्ति योजनाओं से अवगत कराया

**गढाकोटा।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. घनश्याम भारती के निर्देशन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चनौआ बुजुर्ग और सांदीपनी शासकीय साबूलाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़ाकोटा में कॉलेज चलो अभियान चलाया गया। अभियान के सदस्यों सुश्री आकृति खरे, शिम्पी मौर्या, पुष्पेंद्र वर्मन, अभय सिंह यादव, बृजलाल अहिरवार, शरद चौबे, सचिन चौबे, राजा होलकर द्वारा विद्यालयों में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति-2020 के प्रमुख प्रावधानों, विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास से जुड़ी समस्त गतिविधियों, उपलब्ध पाठ्यक्रमों और महाविद्यालय की सुविधाएं जांची।

### प्रमुख मार्गों से अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में शुक्रवार को नगर पालिका अमला ने नगर के प्रमुख मार्गो से अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई । नगर पालिका अमला एवं गढ़ाकोटा पुलिस बल के साथ बस स्टैंड, घंटाघर, पथरिया रोड, रूई बाजार, हॉकी ग्राउंड विभिन्न जगहों पर जाकर दुकानदारों वाहनों चालकों को अतिक्रमण न करने की हिदायत दी गई। नवागत थाना प्रभारी शिवम दुबे ने बताया कि शुक्रवार के दिन बाजार का दिन रहता है यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए नगर पालिका एवं थाना पुलिस दोनों विभागों के द्वारा यह तय किया गया था कि जो भी दुकान दार या ठेले वाले हैं जो अनावश्यक रूप से यातायात को बाधित करने के उद्देश्य से गाड़ी लगा रहे हैं और जो ठेले लगा रहे हैं तो उनको ये हिदायत दी गई थी।

### पर्यावरण की सुरक्षा का संदेश देती है गोवर्धन पूजा की लीला : चिन्मयानंद

**सागर।** खेल परिसर के बाजू वाले मैदान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन परम पूज्य संत श्री चिन्मयानंद बापू जी ने कहा कि भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव के पश्चात भगवान की अनेकों लीला ब्रज में हुई। भगवान ने मात्र 14 दिनों में पूतना का वध किया और उस को मोक्ष प्रदान किया। भगवान की यही लीला है कि जो भगवान को भजते हैं उनको तो भगवान मुक्त करते ही हैं लेकिन जिन को भगवान मारते हैं वह भी भगवान के द्वारा मुक्त ही होते हैं। बापूजी ने कहा कि भगवान ने जो माखन चोरी की लीला की है वह लीला हमें संदेश देती है कि अपने मित्रों के साथ उनके जैसी बन कर ही व्यवहार करें। जहां पर कोई ऊंच-नीच ना हो कोई बड़ा छोटा ना हो । सभी के साथ समान व्यवहार हो और समाज में प्रत्येक व्यक्ति एक दूसरे के प्रति समान भाव रखें। ऐसा ही भाव सभी के मन में होना चाहिए। बापूजी ने कहा कि भगवान की जो गोपियों के वस्त्र चुराने की लीला है उसमें भी भगवान ने गोपियों की अविद्या का हरण किया । क्योंकि शास्त्रों में कहा गया है कि किसी भी नदी या सरिता में हमें नग्न होकर स्नान नहीं करना चाहिए उसमें सरिता क्या नदी का अपमान है। भगवान ने उनकी इसी अविद्या का हरण किया।

### बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन समारोह

**सागर।** 69वीं राष्ट्रीय शालेय बैडमिंटन क्रीड़ा प्रतियोगिता (14 वर्ष आयु वर्ग बालक/बालिका) 2025 का समापन समारोह 21 दिसंबर, रविवार को दोपहर 12.30 बजे खेल परिसर, सागर में आयोजित होगा। मुख्य अतिथि खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत होंगे।

## रामकथा में श्रीराम विवाह प्रसंग, जनप्रतिनिधियों ने लिया आशीर्वाद




हरिभूमि न्यूज ▶▶शमशाबाद

सामाजिक संस्था युवा मंच द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा में श्रीराम विवाह का भावपूर्ण प्रसंग संपन्न हुआ।

कथा वाचक पंडित अनिल शर्मा ने श्रीराम–सीता विवाह का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि यह विवाह मर्यादा, त्याग और आदर्श पारिवारिक जीवन का प्रतीक है, जो समाज को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। श्रीराम कथा के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम सुन्दर शर्मा, पूर्व विधायक डॉ. मेहताब सिंह यादव, भाजपा नेता नरेन्द्र सिंह राजपूत, जिला पंचायत सदस्य चेतन विक्रम सिंह, राजपुरोहित पंडित गौरव तिवारी, जनपद सदस्य अंशुज शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि व समाजसेवी कथा स्थल पर पहुंचे।

### दुग्ध क्षमता बढ़ाने 3 चरणों में अभियान

**विदिशा।** मुख्यमंत्री मोहन यादव के संकल्प के तहत प्रदेश की दुग्ध उत्पादन क्षमता को तीन वर्षों में 9 लाख लीटर से बढ़ाकर 20 लाख लीटर प्रतिदिन करने के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग सक्रिय है। प्रमुख सचिव के निर्देशन में दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान तीन चरणों में चलाया जा रहा है। प्रथम चरण 2 से 9 अक्टूबर तक संपन्न हुआ, जिसमें 10 या अधिक दुधारू पशु पालकों से संवाद स्थापित किया गया। दूसरा चरण 17 दिसंबर से शुरू होकर विभिन्न जिलों में 10–15 दिन में पूरा किया जा रहा है। अभियान में नस्ल सुधार, संतुलित पोषण और पशु स्वास्थ्य की उन्नत तकनीकों के माध्यम से उत्पादन बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## गड्ढों में तब्दील सड़क, फिर भी टोल वसूल रही कंपनी

### वाहन चालकों ने गड्ढों के वीडियो बनाकर वरिष्ठ अधिकारियों को भेजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरवाई

कुरवाई–बीना–सिरोंज मार्ग पर कुरवाई बीना नदी के समीप टीसीआईएल कंपनी द्वारा स्थापित टोल नाके से प्रतिदिन लाखों रुपए की टोल वसूली की जा रही है, लेकिन इसके बदले वाहन चालकों को गड्ढा-मुक्त और सुरक्षित सड़क नहीं मिल पा रही है। टोल देने के बावजूद मार्ग पर जगह-जगह टूटी-फूटी सड़कें और गहरे गड्ढे लोगों की परेशानी का कारण बने हुए हैं। बीना-कुरवाई-सिरोंज मार्ग पर कई स्थानों पर सड़क की हालत बेहद खराब है। कुरवाई शहर में ही बीना तिराहे से सिरोंज मार्ग पर सड़क के बीचों-बीच बड़ा गड्ढा बना हुआ है, जिससे वाहनों को सड़क छोड़कर निकलना पड़ता है और आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद इस गड्ढे का स्थायी समाधान नहीं किया गया। पथरिया से सिरोंज के बीच भी सड़क पर गड्ढे मौजूद हैं।

वाहन चालकों द्वारा इन गड्ढों के वीडियो बनाकर वरिष्ठ अधिकारियों को भेजे गए, लेकिन टोल कंपनी के कर्मचारियों ने कोपरा मिट्टी डालकर अस्थायी भराव कर दिया और फोटो खींचकर अधिकारियों को भेजकर स्थिति सामान्य होने का दावा किया। कुछ ही दिनों में मिट्टी हट गई और गड्ढे फिर से जस के तस हो गए। टोल नाके पर शिकायत पुस्तिका मांगे जाने पर कर्मचारियों द्वारा उपलब्ध नहीं कराई जाती और अधिक सवाल करने पर विवाद की स्थिति बन जाती है। इसके अलावा कुरवाई–सिरोंज–बीना मार्ग पर कई खतरनाक और अंधे मोड़ हैं, जहां संकेतक बोर्ड नहीं लगे हैं। सड़क किनारे पेड़ों की कटाई–छंटाई न होने से सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। कुरवाई के बीना तिराहा और मेहलुआ चौराहे पर भी दिशा संकेतक न होने से वाहन चालक भटक जाते हैं। वाहन चालकों और स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए, संकेतक बोर्ड लगाए जाएं और टोल कंपनी की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच की जाए।

### शमशाबाद विधानसभा की कार्यशाला आज

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** मप्र सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल पर आज रविवार को दोपहर 1 बजे शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र में कार्यशाला आयोजित की जा रही है। यह कार्यशाला आरएम गार्डन, महानीम चौराह शमशाबाद में होगी। मुख्य वक्ता के रूप में जिले के प्रभारी और सीहोर के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मालवीय, शमशाबाद के विधायक सूर्यप्रकाश मीणा तथा भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव जी उपस्थित रहेंगे। विधानसभा क्षेत्र के पांचों मंडलों के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है।

### गाडगे महाराज की पुण्यतिथि पर हुई श्रद्धांजलि सभा

**विदिशा।** लोहा बाजार स्थित हनुमान मंदिर में शनिवार को संत गाडगे महाराज की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर समाजजनों ने गाडगे महाराज के संघर्षों और उनके कार्यों को याद किया। राजू मालवीय ने बताया कि गाडगे महाराज स्वच्छता के प्रेरक थे, वे जहां भी जाते खुद सफाई करते और जमा किए गए पैसे से गोशालाएं, स्कूल व भंडारे करवाते थे। श्याम मालवीय ने कहा कि समाज की धर्मशाला एक वर्ष से भी कम समय में बनकर तैयार हो गई है, जो रोजगार के साथ आयोजनों के लिए उपयोगी होगी।

### सोनू यादव बने ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सरोज कुलदीप रत्नाकर को शहर की कमान

**हरिभूमि न्यूज. शमशाबाद।** कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए पार्टी नेतृत्व ने शमशाबाद ब्लॉक कांग्रेस में नई नियुक्तियां की हैं। पूर्व युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सोनू यादव को शमशाबाद ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं पूर्व पार्षद सरोज कुलदीप रत्नाकर को शमशाबाद शहर कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन नियुक्तियों से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित जिले के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए इसे संगठन को मजबूती देने वाला निर्णय बताया।





### रोजगार के अवसरों की जानकारी प्रदान की गई

**विदिशा।** शासकीय आईटीआई विदिशा में प्रशिक्षणार्थियों एवं उनके अभिभावकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न व्यवसाय के प्रशिक्षण अधिकारियों द्वारा उन्हें कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार के विभिन्न अवसरों की जानकारी प्रदान की गई जिससे वे अपने बच्चों के प्रशिक्षण के प्रति गंभीर रहे एवं प्रशिक्षणार्थियों को संस्था आने के लिए प्रेरित करें।

### आदान–प्रदान यूथ कैंप में इटली से तीन, ब्राज़ील व लिथुआनिया से 1 युवा प्रतिनिधि करेंगे सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

लायन शालिनी भार्गव के नेतृत्व में 21 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय युवा नेतृत्व एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान यूथ कैम्प का आयोजन 20 दिसंबर से 10 जनवरी 2026 तक किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का मार्गदर्शन डिस्ट्रिक्ट के सिरमौर एमजेएफ लायन प्रवीण वशिष्ठ के सशक्त नेतृत्व में तथा कैम्प डायरेक्टर लायन राजेश सुक्रमणी के सुनियोजित निर्देशन में हो रहा है।

इस डिस्ट्रिक्ट शिविर में इटली से तीन, ब्राज़ील से एक एवं लिथुआनिया से एक युवा प्रतिनिधि सहभागिता कर रहे हैं। इनके साथ ही भारत के विभिन्न क्षेत्र कलिम्पोंग, वाराणसी, प्रयागराज एवं राजस्थान के राजगढ़ से भी युवा प्रतिभागी इस वैश्विक समागम का हिस्सा बन रहे हैं। यूथ कैम्प एंड एक्सचेंज कॉर्डिनेटर लायन शालिनी भार्गव ने बताया कि 20 से 26 दिसंबर तक डिस्ट्रिक्ट प्रतिभागी स्थानीय लायंस परिवारों के साथ निवास कर भारतीय संस्कृति, सामाजिक मूल्यों, रहन-सहन एवं खान-पान का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करेंगे।

### कुशाभाऊ ठाकरे लॉ कॉलेज ने ग्राम कुआंखेड़ी में लगाया निःशुल्क विधिक शिविर

# ग्रामीणों को कानूनी अधिकारों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा




ग्राम कुआंखेड़ी में कुशाभाऊ ठाकरे कॉलेज द्वारा निःशुल्क विधिक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना एवं उनकी दैनिक जीवन से जुड़ी कानूनी समस्याओं का समाधान प्रदान करना रहा।

शिविर का शुभारंभ ग्राम पंचायत कुआंखेड़ी के सरपंच, सचिव एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीलम पौराणिक द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संचालक आनंद शरण ने बताया कि ऐसे शिविर ग्रामीणों को न्याय तक सरल पहुंच प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर में भूमि विवाद, मजदूरी भुगतान, पेंशन, घरेलू विवाद, बैंक तथा शासकीय कार्यालयों से संबंधित समस्याओं पर ग्रामीणों को निःशुल्क कानूनी सलाह दी गई। उपस्थित अधिवक्ताओं एवं महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों ने आमजन की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं और सरल भाषा में कानूनी मार्गदर्शन प्रदान किया। इस विधिक शिविर में महिलाओं, बुजुर्गों, जरूरतमंद ग्रामीणों तथा विधि पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर का लाभ उठाया। कार्यक्रम के अंत में आयोजक संस्था द्वारा सभी उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

■ दैनिक जीवन से जुड़ी कानूनी समस्याओं का समाधान किया।

## किसानों को सस्ता ऋण उपलब्ध कराने केसीसी मोबाइल एपलिकेशन का प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ग्यारसपुर



किसानों को आसान, सस्ता और पारदर्शी ऋण उपलब्ध कराने के लिए ग्यारसपुर जनपद पंचायत सभाकक्ष में केसीसी मोबाइल एप्लिकेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में केंद्र सरकार के अधिकारी सुमित सोनी ने किसान क्रेडिट कार्ड केसीसी ऋण प्रक्रिया के डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब किसान घर बैठे मोबाइल के जरिए आवेदन कर सकते हैं, दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड कर ऋण की स्थिति ट्रैक कर सकते हैं, जिससे बैंकों के चक्कर लगाना खत्म हो जाएगा।

इस पहल के तहत डिजिटल साक्षरता न रखने वाले किसानों को कृषि सखियों और बैंकिंग संवाददाताओं के माध्यम से मदद दी जा रही है। यह सुविधा भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुसार सुरक्षित और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करती है। कार्यक्रम में एसबीआई के लीड बैंक अधिकारी भगवान सिंह बघेल, बैंक मैनेजर रॉकी चुघ, और अन्य बैंक मित्र कियोस्क एवं सीएससी संचालक मौजूद रहे। संचालकों ने इस डिजिटल पहल को किसानों की आर्थिक मजबूती के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।

## ग्रामीणों ने उठाई मरम्मत की मांग, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

# प्रधानमंत्री सड़कों पर डामर से ज्यादा हैं जानलेवा गड्ढे, जोखिम भरा सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

देश के प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की महत्वाकांक्षी योजना सड़क परियोजना का अब मजाक उड़ने लगा है। वर्तमान में हालात ऐसे हैं कि सड़कों पर डामर से ज्यादा गड्ढे उभर चुके हैं और आए दिन यह गड्ढे नुमा जानलेवा सड़कें हादसों को न्यौता दे रही हैं।

आलम यह है कि इनमें आए दिन वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे हैं । ऐसी स्थिति में वही वाहन चालक जोखिम भरा सफर करने के लिए मजबूर है। सड़क समझ कर सरपट भागने की कोशिश अब जानलेवा साबित हो रही है। ग्रामीण इलाकों की सड़कों की हालत वैसी नहीं है जैसा लोग समझते हैं ।कारण साफ है गड्ढे में सड़क है या फिर सड़क में गड्ढे यह पता ही नहीं चलेगा। इनमें कई सड़कें तो डेंजर जोन के रूप में है।हालत यह है कि सड़कों पर सफर करना जोखिम भरा साबित हो सकता है।

### बजट की कमी से सड़कों का मरम्मत नहीं

बजट की कमी पीएम सड़क परियोजना में बरकराकर है। यही वजह से सड़कों के गहरे जानलेवा गड्ढों पर मरहम नहीं लग पा रही हैं। विभागीय अधिकारियों में मनमानी लापरवाही का आलम यह है कि इन गहरों गड्ढों को अभी तक उनके जख्मों पर डामर से पेंचवर्क कार्य नहीं किया जा सका है।



### इन सड़कों को है मरम्मत की दरकार

जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली मऊ पथरई से सुंड सालेरा, खरगावली से डाबरा इमालिया, हकीमखेड़ी तौर अंधेर, अंडोल संग्रामपुर और कानपोहरा, करहोद की सड़कों के भी बुरेहाल है। इसी तरह तहसील गैरतगंज की गढ़ी से लेकर अगर यह तक और हिनोतिया से लेकर बांसदेही खेड़ा, खमरिया गढ़ी तक सड़क मटियामेट हो चुकी है। सड़क जगह गढ़ों में तब्दील हो गई है और गिट्टियां बिखर कर सड़कों पर फैल रही हैं।

ग्रामीणों ने कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा से सड़कों की मरम्मत की मांग की है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा यदि सड़कों की मरम्मत जल्द नहीं कराई गई तो ग्रामीण सागर भोपाल गढ़ी मार्ग पर आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

### घटिया निर्माण के कारण उखड़ा डामर का रिन्युअल कोड

सड़कों पर डामर के लेप से रिन्युवल कोट कराया गया है, वह बेहद घटिया है। इसका इसी से अंदाज लगाया जा सकता है कि बारिश के पहले ही जगह-जगह सड़क उखड़ गई थी। अब विभाग के अफसर यह कहकर पल्ला झाड़ रहे हैं कि कार्य ठेकेदार द्वारा किया है, उसकी 3 साल गारंटी है। वही मरम्मत करेगा, लेकिन जैसे ही मरम्मत होगी महीने भर बाद हालत वैसे ही हो जाएगी।

### सड़क गड्ढों में तब्दील, घटिया निर्माण का अच्छा उदाहरण

मिनी पंजाब कहे जाने वाले पैमत से महुआखेड़ा सुल्तानपुर गोला से सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई थी। इस पर रिन्युवल कोट कराया गया अब सफर आसान हो गया है। पैमत से ब्यावरा,बीदपुरा मेन रोड़ तक, नीमखेड़ा से लेकर रमपुरा केसरी तक,पेगवा सड़क की हालत यह है कि इस सड़क पर वाहन चलाना काफी मुश्किल हो रहा है। पिछले साल ही पीएम सड़कों पर डामर का रिन्युअल कोड कराया गया था। निर्माण कार्य इतना घटिया किया गया कि बारिश से पहले ही सड़क उखड़ गई थी।

डामरीकरण रिन्युअल कोड कराया गया था, लेकिन 6 महीने में ही जगह-जगह से यह रिन्युअत कोड उखड़ गया और सड़क पर गड्ढे उभर आए। बारिश होते ही सड़क की हालत और ज्यादा खराब हो गई।

### जल्द भरे जाएंगे गड्ढे

सड़कों में पेंचवर्क के लिए प्रस्ताव बनाकर वरिष्ठ कार्यालय भोपाल भेजा जाएगा। फिलहाल विभाग में सड़क मरम्मत के लिए बजट की कमी बनीं हुई है। बजट मंजूर होने के बाद जल्द इन सड़कों के गड्ढों के घाव भरे जाएंगे।

- **आरएस तिवारी,** पीएम सड़क परियोजना महाप्रबंधक रायसेन।

# ग्राम गीदगढ़ से महुआखेड़ा तक बनने वाला ग्रेवल मार्ग चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

## एक साल बाद भी पड़ा अधूरा, विद्यार्थी और ग्रामीण हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

क्षेत्रीय विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा 1 साल पहले 62 लाख रुपए से प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क गीदगढ़ पुलिया से लेकर महुआखेड़ा तक ग्रेवल रोड बनने का उद्घाटन किया था। ठेकेदार द्वारा काम भी प्रारंभ कर दिया था, लेकिन इसके बाद ठेकेदार ने काम ऐसा बंद किया जो आज तक पूरा नहीं हो सका है।

महुआखेड़ा निवासी खेमचंद मीणा, नेपाल सिंह, शिवनारायण, रघुवीर, भैरो सिंह सहित ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार ने नाम मात्र मुरम डालकर रोड को छोड़ दिया है। जबकि ठेका नहीं होने से पहले ही सरपंच द्वारा 30 डंपर मुरम डाल दी गई थी। बारिश के 4 महीने तक हम ग्रामीण और विद्यार्थी काफी परेशान होते है। ठेकेदार ने अब तक काम चालू नहीं किया है, जिससे हम सभी ग्रामीण परेशान हो रहे हैं।

ठेकेदार की लापरवाही के कारण एक साल बाद भी ग्रेवल रोड का काम पूरा नहीं हो सका है।



### ठेकेदार कर रहा टालमटोल

ठेकेदार से मैंने कई बार रोड बनाने को कहा है, लेकिन ठेकेदार 2-4 दिन कहकर टालमटोल कर देता है। 6 महीने से रोड पर काम बंद पड़ा है। इससे पहले हमारे द्वारा 30 डंपर मुरम दाल दी थी।

- **लीलाकिशन,** सरपंच गीदगढ़।

### दूसरे ठेकेदार को देकर शीघ्र ही ग्रेवल रोड बनवाएंगे

ठेकेदार द्वारा रोड पर काम नहीं करने के कारण हमने उसका ठेका निरस्त कर दिया था। इसके बाद डबल से ठेका दिया है, अगर फिर भी रोड पर काम नहीं हो रहा है, तो ठेका डबल से निरस्त कर किसी अन्य ठेकेदार को ठेका दिया जाएगा, ताकि ग्रेवल रोड को शीघ्र से शीघ्र बनाया जा सके।

- **नरेश ठाकरे,** सहायक यंत्री रायसेन।

### मनरेगा का नाम बदलने पर कांग्रेस का धरना आज

**रायसेन।** मनरेगा योजना का नाम बदलने को लेकर कांग्रेस कमेटी द्वारा रविवार को एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। सागर भोपाल तिराहा कामधेनु शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के पास पसुबह 11:30 बजे धरने का आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा किया जाएगा।

# ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत मंडल का सघन चेकिंग अभियान

## विजिलेंस टीम ने पकड़े दो ट्रांसफार्मर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

अवैध विद्युत उपयोग के विरुद्ध विद्युत मंडल द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई। बिजिलेंस टीम और स्थानीय विद्युत मंडल के अधिकारियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया।

ग्राम नयागांव कलां और ग्राम महेश्वर में बिना विभागीय अनुमति के ठेकेदार द्वारा लगाए गए 25-25 केवीए के दो ट्रांसफार्मर चालू स्थिति में अवैध रूप से रखे पाए गए।

### ट्रांसफर जब्त

जांच में सामने आया कि एक ठेकेदार द्वारा बिना किसी स्वीकृति के अवैध रूप से ट्रांसफार्मर रखकर विद्युत आपूर्ति की जा रही थी। मौके पर दोनों अवैध ट्रांसफार्मर को जप्त करने की कार्रवाई की गई।

### प्रकरण दर्ज -

ट्रांसफार्मर जब्त करने के साथ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्रकरण संबंधितों के विरुद्ध दर्ज किया। कार्यवाही के दौरान उप महाप्रबंधक सतर्कता रायसेन अमरनाथ सदाफल, उप महा प्रबंधक बरेली गोपाल पटेल तथा ग्रामीण डेलन पटेल उपस्थित रहे।

# श्मशान घाट की भूमि पर अतिक्रमण कलेक्टर से की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

सांची विकासखंड अंतर्गत जमुनिया गांव में श्मशान घाट की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में सरपंच प्रतिनिधि द्वारा कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा को एक लिखित आवेदन सौंपा गया है।

आवेदन में उल्लेख किया है कि ग्राम के श्मशान घाट की भूमि पर एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया है, जिससे अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील कार्यों में ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



सरपंच प्रतिनिधि ने बताया कि पूर्व में भी संबंधित विभागों को इस समस्या से अवगत कराया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। उन्होंने कलेक्टर से शीघ्र हस्तक्षेप कर श्मशान घाट की भूमि से अतिक्रमण हटवाने एवं भूमि को मुक्त कराने की मांग की है।

## श्रद्धालुओं की आस्था का अनोखा उदाहरण — ठंड से बचाने भगवान को पहनाएं गर्म कपड़े



### खेल का मैदान आपसी सौहार्द, भाईचारे और अनुशासन को बढ़ावा देता है : विधायक पटेल

**सिलवानी।** तहसील के ग्राम इमारिया में शनिवार को विधायक कप टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र पटेल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रारंभिक दिन लगभग 6 टीमों ने भाग लिया और मैदान पर बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आयोजन इमारिया क्रिकेट क्लब द्वारा किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह के दौरान विधायक देवेंद्र पटेल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

## हिंदू सम्मेलन का जनपद पंचायत प्रांगण में हुआ भव्य आयोजन

# हनुमान बस्ती गैरतगंज में हुआ समरसता सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

गैरतगंज से हुआ हिंदू सम्मेलन का आगाज सकल हिंदू समाज के तत्वाधान में गैरतगंज की हनुमान बस्ती में दिनांक 20 दिसंबर 2025 दिन शनिवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया

यह हिंदू सम्मेलन सकल हिंदू समाज के तत्वाधान में संपन्न हुआ विदेश की पूरे मध्य भारत प्रांत में 20 दिसंबर से 20 जनवरी के मध्य सभी मंडल एवं बस्ती में सकल हिंदू समाज के तत्वाधान में विशाल हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जाना है। गैरतगंज में हनुमान बस्ती में संपन्न हुए, इस शक्ल हिंदू समाज की हिंदू सम्मेलन में बढ़-चढ़कर




माता बहनों एवं युवाओं ने भाग लिया। सकल हिंदू समाज के तत्वाधान में आओ जीत यह भव्य हिंदू सम्मेलन अपनी तरह का पहला हिंदू सम्मेलन रहा जिले में आज से हिंदू सम्मेलनों का आगाज हो गया है। 20 जनवरी तक समस्त मंडल एवं बस्ती में ऐसे ही विशाल बाबा बिंदु सम्मेलन आयोजित होंगे।

गैरतगंज की हनुमान बस्ती में आयोजित इस हिंदू सम्मेलन में श्री श्री 108 श्री महामंडलेश्वर स्वामी श्री भागवतनंद गिरि जी महाराज पंचायती श्री निरंजनी अखाड़ा संस्थापक और ले लो श्री श्याम बालाजी आश्रम उज्जैन की पावन उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर सकल हिंदू समाज के सम्मेलन में उपस्थित बंदूकन को संबोधित करते हुए उनके द्वारा हिंदू समाज में समरसता का भाव अति आवश्यक है तथा हिंदू हिंदू मिलकर रहे हिंदू समाज को आपस में पटना नहीं है।

समरसता के भगवान श्रीराम के उदाहरण को देते हुए उनके द्वारा इस विषय पर जोर दिया उनके द्वारा बताया कि हिंदू समाज संगठित रहेगा तभी सनातन के विरोधियों को सामना कर सकता है।

# एसपी गुप्ता ने सांची थाने का किया औचक निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शनिवार को एसपी आशुतोष गुप्ता ने सांची पहुंचकर थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर, अभिलेखों एवं पुलिस कार्यप्रणाली का गहन अवलोकन किया।

एसपी गुप्ता ने सांची थाना प्रभारी जेपी त्रिपाठी सहित पुलिस स्टाफ से लंबित अपराधों की स्थिति की जानकारी ली और अपराध निकाल (डिस्पोजल) में तेजी लाने स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### अपराध नियंत्रण पर दिए सख्त निर्देश



निरीक्षण के दौरान एसपी श्री गुप्ता ने विवेचना की गुणवत्ता, शिकायतों के त्वरित निराकरण, आमजन से शालीन व्यवहार तथा अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस की सक्रियता और सतर्कता से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। औचक निरीक्षण से थाना स्टाफ में सक्रियता देखने को मिली।

# समाजजनों ने संत गाडगे महाराज की 69वीं पुण्यतिथि बाड़ी में मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाडी

संत समागम गाडगे रजक समाज समिति बाडी ने संत गाडगे महाराज की 69वीं पुण्यतिथि का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भूरा भाई रजक ने की, जबकि मुख्य अतिथि सीएल मालवीय और अलका मालवीय जी थे।

संत गाडगे महाराज के संदेशों पर एक गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें समिति संयोजक यशवंत मालवीय ने कहा, संत गाडगे महाराज का जीवन हमें समानता और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लें।

वहीं समिति अध्यक्ष विष्णु मालवीय ने कहा कि संत गाडगे महाराज के उपदेश आज भी समाज की प्रगति एवं विकास में बहुत प्रासंगिक है उनके विचारों को आचरण में लाने की जरूरत है।




कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जसवंत मालवीय, वचन पटेल, विमलेश मालवीय, लक्ष्मीराम मालवीय, सुरेश मालवीय, मुकेश मालवीय, शोभाराम मालवीय, हमनत सिंह मालवीय, संजू रजक, रामस्वरूप रजक, नेमीचंद मालवीय, नरेश मालवीय, माना मालवीय, सुमित मालवीय, अशोक मालवीय, नरेश मालवीय, फूलसिंह मालवीय, जसवंत मालवीय सहित अनेक समाज बंधु उपस्थित रहे।

## कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों के संबंध में हुई बैठक

# विस उदयपुरा में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

22 दिसंबर को उदयपुरा बरेली विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय सम्मेलन नगर के शिव शक्ति रिसोर्ट में आयोजित होगा। शिवाजी सेवा सदन विधायक कार्यालय में तैयारियों के संबंध में बैठक हुई, जिसमें विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी विभिन्न व्यवस्थाओं पर भाजपा के पदाधिकारियों द्वारा चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में दो वर्ष का कार्यकाल विभिन्न उपलब्धियों सफलताओं के साथ पूर्ण हो गया। यह भी क्षेत्र का सौभाग्य रहा कि भाजपा विधायक चुने जाने के बाद नरेंद्र शिवाजी पटेल प्रदेश सरकार में स्वास्थ्य राज्यमंत्री के रूप में सक्रिय और विधानसभा क्षेत्र के तेज विकास के लिए सक्रिय बने हुए हैं। कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के साथ अन्य संगठन पदाधिकारी भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्राप्त होगा विश्वास और सेवा के 2 वर्ष पूर्ण होने प्रदेश क्षेत्र को मिली उपलब्धियां की चर्चा और जानकारियां कार्यकर्ताओं को दी जाएगी

### विकास और सेवा के भाजपा सरकार के 2 वर्ष पूर्ण



### बूथ से आएंगे कार्यकर्ता -

शिवाजी सेवा सदन में विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन के संबंध में चर्चा हुई चारो तहसीलों में फेले विधानसभा क्षेत्र के बूथ शक्ति केंद्र और मंडल मोर्चा प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी के साथ विधानसभा क्षेत्र में स्थानीय निकायों के अध्यक्ष पार्षदों को आमंत्रित किया गया है। सोमवार को कार्यकर्ता सम्मेलन में संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र की गांव-गांव से भाजपा के कार्यकर्ताओं नेताओं की भारी उपस्थिति रहेगी।

बैठक में अवीस पालीवाल, राजेंद्र शिवाजी पटेल, मंडल अध्यक्ष अभिषेक राजपूत, रेवत सिंह गोदर, अभिषेक रघुवंशी, नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, योगेश पटेल सहित अन्यों की उपस्थिति रहे।